बिहार विधान सभा

संचिका संख्या पुस्त०-03/2017

सूचना

बिहार विधान मंडल पुस्तकालय में रक्षित पुस्तकों एवं दुर्लभ अभिलेखों का वर्गीकरण, सूचीकरण एवं डिजिटाईजेशन आदि सहित पुस्तकालय को पूर्णत: डिजिटल पुस्तकालय बनाये जाने हेतु राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों में दिनांक 03.03.2017 को एन०आई० टी० संख्या 01/2017 तथा उसके साथ संलग्न आर०एफ०पी० (Request For Proposal) के माध्यम से इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित किया गया था । निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2017 थी । उक्त एन०आई०टी० के आलोक में तीन निविदादाताओं से निविदा प्राप्त हुआ । दिनांक 06.04.2017 को 3.30 बजे अप० में आयोजित निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष तीनों निविदादाताओं से प्राप्त निविदाओं में से सर्वप्रथम अर्नेस्ट मनी से संबंधित लिफाफा 'ए' को खोला गया । तीनों निविदादाताओं द्वारा अर्नेस्ट मनी डिपोजिट के लिए निर्धारित राशि का बैंक ड्राफ्ट पाये जाने के बाद उन तीनों का तकनीकी निविदा खोला गया ।

निविदादाताओं से प्राप्त तकनीकी निविदाओं पर समिति ने दिनांक 07.04.2017 एवं 10.04.2017 की बैठक में विचार किया एवं तीनों निविदादाताओं से पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 10.04.2017 को प्रजेंटेशन/डेमो लिया गया । तकनीकी मूल्यांकन क्राइटेरिया एवं प्रजेंटेशन / डेमो के आधार पर समिति द्वारा मूल्यांकन के पश्चात् तीनों निविदादाताओं द्वारा तकनीकी निविदा के लिए निर्धारित न्यूनतम अंक हासिल किये जाने के कारण वे तीनों तकनीकी निविदा में सफल हुए हैं ।

अत: तीनों निविदादाताओं यथा 1. श्री पुनीत कुमार, टोटल आई०टी० सॉल्यूशन्स प्रा० लि०, नई दिल्ली, 2. श्री सचिन सत्पुते, एम० के०सी०एल०, पुणे, महाराष्ट्र एवं 3. श्री उज्जवल सिंह, डब्लू०ई०बी०ई०एल०, कोलकत्ता को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 13.04.2017 को 3.30 बजे अप० में समिति के पूर्व निर्धारित बैठक, जिसमें वित्तीय निविदा खोला जायेगा, में निश्चित रूप से उपस्थित रहेंगें ।

12/04/17

(संजीव कुमार)

अवर सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।